an>

Title: Need to make provision for community halls and night shelters for widows and destitute women and also to provide skill-based training to these women to help them earn their livelihood.

श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा) : हमारे संसदीय क्षेत्र धौरहरा (उ.प्र.) अंतर्गत जनपद-लखीमपुर (खीरी) के सिसैया में निराश्रित विधवा महिलाएं एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाएं आदि के लिए सामुदायिक भवन/रैन बसेरा बनवाने की अति आवश्यकता है। साथ ही ऐसी महिलाएं आदि को प्रशिक्षण देकर रोजगार के लिए प्रेरित करने व समाज में बराबर की हिस्सेदारी दिलाने की भी आवश्यकता है।

अतः मैं मांग करती हूं कि उक्त मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर कार्यवाही करने की कृपा करें।